# वीआर सेट पहन छात्रों ने पूरा किया मार्स मिशन

देहरादून। यूपीईएस के स्कूल ऑफ बिजनेस ने इन्सिआड एक्सआर के सहयोग से अनोखा और अत्याधुनिक इमर्सिव एक्सआर सिमुलेशन सत्र आयोजित किया।

शुक्रवार को सत्र में छात्रों ने वर्चुअल रिएलिटी (वीआर) हेडसेट पहनकर मिशन टू मार्स और द एवोकाडो केस पूरा किया।

इसके साथ ही यूपीईएस एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर) को एमबीए पाठ्यक्रम में शामिल करने वाले चुने हुए संस्थानों में शामिल हो गया है। सत्र के दौरान छात्र एवोकाडो केस में जांजीबार आइलैंड के धूप से चमकते समुद्र तटों पर रणनीति बना रहे थे तो कहीं मंगल अभियान के कमांड सेंटर्स में महत्वपूर्ण निर्णय ले रहे थे।

यूपीईएस स्कूल ऑफ बिजनेस के डीन राहुल नैनवाल ने कहा, यूपीईएस में हमारा प्रयास है कि हम छात्रों को प्रासंगिक और भविष्य-केंद्रित कौशल प्रदान करें। कहा, इस पहल के साथ यूपीईएस भारत के उन पहले संस्थानों में शामिल हो गया है, जिसने मैनेजमेंट शिक्षा में एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर) को अपने एमबीए पाठ्यक्रम में शामिल किया है। ब्यूरो